उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 59 / गोपन / 2024–25 दिनांकः 20 मई, 2024

संवाद

आयोग के विज्ञापन संख्या 57 / उ0अ0से0च0आ0 / 2024 दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा उत्तराखण्ड वन विकास निगम के अंतर्गत स्केलर के कुल 200 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु राज्य के पांच जनपदों अल्मोड़ा, पौड़ी गढ़वाल, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ एवं टिहरी गढ़वाल में 15 मई, 2024 से शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा का संचालित की जा रही है।

जनपद पिथौरागढ़ एवं उत्तरकाशी में उक्त शारीरिक परीक्षण क्रमशः दिनांक 21 मई, 2024 एवं दिनांक 27 मई, 2024 को समाप्त हो रही है।

उक्त शारीरिक परीक्षण के संचालन के दौरान कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अपरिहार्य कारणों (यथा– स्वास्थ्य खराब होने, अन्य परीक्षा में सम्मिलित होने आदि) से शारीरिक परीक्षण तिथि को सम्मिलित न हो पाने के संदर्भ में अवगत कराया गया है।

उपरोक्त संदर्भ में, ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा के लिए उक्त जनपद पिथौरागढ़ एवं उत्तरकाशी के परीक्षण केन्द्रों में निर्धारित की गई थी तथा वे अपनी शारीरिक परीक्षण की निर्धारित तिथियों को अपरिहार्य कारणों से सम्मिलित नहीं हो पाये, उनके लिए शारीरिक परीक्षण हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए जनपदवार निम्नवत तिथियां निर्धारित की गई है–

1. **जनपद पिथौरागढ़** –शारीरिक **माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा– दिनांक 22 मई, 2024 को एवं दौड़– दिनांक 23 मई, 2024**
2. **जनपद उत्तरकाशी** –शारीरिक **माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा– दिनांक 28 मई, 2024 एवं दौड –दिनांक 29 मई, 2024**

अतः उक्त जनपदों में शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में अपनी निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्तानुसार शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें, इसके पश्चात शारीरिक परीक्षण के लिए कोई भी अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव

Scanned with ACE Scanner